हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 31 अगस्त 2025

04 गणेशोत्सव की भक्ति में उमड़ा जनसैलाब संस्था...



07 समस्याओं के निस्तारण को पार्षदों ने मांगी निधि...





### खबर संक्षेप

#### जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स नियुक्त

**सीहोर।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम के अन्तर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायतों के लिए वार्डवार मतदाताओं की फोटोयुक्त मतदाता सूची का पुनरीक्षण संधी निर्देश के अन्तर्गत 1 जनवरी 2025 की स्थिति में मतदाता सूची तैयार किया जाना है। इसके लिए प्रभारी अधिकारी स्थानीय निर्वाचन द्वारा मतदाता सूची पुनरीक्षण संबंधी प्रशिक्षण दिये जाने के लिए प्राध्यापक, शा. सीएसए महाविद्यालय डॉ उदय डोलस, एवं सहा प्राध्यापक शा कन्या महाविद्यालय लखन लाल कलेशरिया, को जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स अधिकारिया नियुक्त किया गया है।

#### अवकाश के दिन में बिजली बिल भुगतान केंद्र खुलेंगे

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत समस्त शनिवार, 30 अगस्त एवं समस्त रविवार, 31 अगस्त को बिल भुगतान केन्द्र सामान्य कार्य दिवसों की तरह कार्य करते रहेंगे। बिजली उपभोक्ताओं से अपील है कि वे ऑनलाइन माध्यम से भी बिल भुगतान कर सकते हैं। कंपनी ने यह भी निर्देश दिए हैं कि कंपनी कार्यक्षेत्र के सभी बिजली वितरण केन्द्र/बिल भुगतान केन्द्र अवकाश के दिनों में खुले रहेंगे। इसके लिए सभी मैदानी महाप्रबंधकों को निर्देशित किया गया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा निम्नदाब घरेलू उपभोक्ताओं को ऑनलाइन भुगतान करने पर उनके कुल बकाया बिल पर 0.50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है साथ ही अधिकतम छूट के लिए कोई सीमा बंधन नहीं है। इसी प्रकार उच्चदाब उपभोक्ताओं को प्रति बिल कैशलेस भुगतान पर 100 रूपये से 1000 रुपये तक की छूट दी जा रही है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं से बिजली का बिल ऑनलाइन भुगतान करने की अपील की है। कंपनी ने कहा है कि उपभोक्ताओं को एम.पी.ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेन्टर, कंपनी पोर्टल portal.mpcz.in (नेट बैंकिंग, क्रेडिट/डेबिट कार्ड, यूपीआई, ईसीएस, बीबीपीएस, कैश कार्ड एवं वॉलेट आदि) फोन पे, अमेजान पे, गूगल पे, पेटीएम एप एवं उपाय मोबाइल एप के माध्यम से बिल भुगतान की सुविधा उपलब्ध है।

### पर्वधिराज पर्युषण महापर्व में तीसरे दिवस आर्जव धर्म की पूजा अर्चना की

# भावों में सरलता ही आर्जव धर्म का भाव : मुनि विवर्धन सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



परिणामों की सरलता ही आर्जव धर्म है कुटिल परिणामों से तिर्यच आयु का बंध होता है। मन वचन काय तीनों की अलग-अलग चेष्टा करना मायाचारी होती है। पर्युषण पर्व जीवन को बदलने का अवसर प्रदान करने के लिए आते हैं। धर्म के प्रति हमेशा पुरुषार्थ करते रहना चाहिए। उत्तम आर्जव धर्म से ही हम एक दिन भक्त से भगवान बन जाएंगे।

स्थानीय दिगंबर जैन समाज में इस वर्ष चातुर्मास हेतु विराजित मुनिश्री विवर्धन सागर महाराज व मुनिश्री विश्व नायक महाराज ने पर्वधिराज पर्युषण पर्व के तीसरे दिवस आर्जव धर्म पर दिए गए प्रवचन के दौरान यह बात समाजजनों के समक्ष कही गई। मुनिश्री ने कहाकि कुटिल भावों को छोड़कर निर्मल हृदय के साथ में जो चर्या करता है वहीं आर्जव धर्म है। हमें लगता है कि हम सरल रहेंगे तो लोग हमें ठग लेंगे इस कारण हम कठोरता धारण कर लेते हैं। दृष्टांत में कहा गया कि जो टेडे वृक्ष होते हैं, उनको कोई काटता नहीं है, सीधे वृक्ष को सभी काटते हैं। लेकिन सीधे वृक्षों की लकड़ी से ही सुंदर फर्नीचर बनते हैं। सरल व्यक्ति के साथ चाहे लोग धोखा कर ले। लेकिन सभी भविष्य में उसके साथ हो जाएंगे।

मुनि श्री ने कहाकि कैकयी ने भरत को राज्य तिलक कराने के लिए छल कपट कर लिया। लेकिन आज भी कैकेयी का नाम इतिहास में काले अक्षरों में लिखा जाता है। सरलता के कारण राम जी को वनवास में भी बड़ी सेना व अन्य लोगों का सहयोग मिलता रहा। सरलता ठगी भी जा सकती है लेकिन अंत में ऊंचाइयां वहीं प्राप्त करेगा। धर्म करते हुए भी अगर सफलता नहीं है तो पाप का बंध होता है। सरल व्यक्ति के जीवन में ही शांति दिखाई देगी। उन्होंने कहाकि संतों द्वारा अपने जीवन में सभी छलों का त्याग करने से उनके पास बैठने से शांति का अनुभव महसूस होता है। पापी के साथ बैठने पर खराब वर्गणाऐ महसूस होती है। पंचकल्याणक में प्रतिष्ठित प्रतिमाओं से सकारात्मक वर्गणाऐ निकलती है। प्रवचन में बैठे कुटिल व्यक्ति का उपयोग ठीक नहीं रहता है। वक्रता छूटने पर सरलता आती है।

मुनि श्री ने कहा कि धर्म बनावटी व्यवहार से नहीं आता है। वनवास के समय लक्ष्मण को बगुला दिखाई देता है वह रामजी से कहते हैं कि देखो कितना धवल व सुंदर पक्षी है। श्वेत वस्त्रों से परिणाम निर्मल होते हैं। बगुला की दृष्टि एकाग्र व साधु जैसी परिणीति दिखाई देती है। लेकिन जैसे मछली जल में आलीन है लेकिन वहां बगुला उस मछली को पकड़ लेता है। इसी प्रकार छल कपट करने वाला व्यक्ति भी बगुला जैसा होता है। बिल्ली भी कभी-कभी अपने शिकार के लिए शांत बैठती है पर उसके मन में मायाचारी होती है। उन्होंने कहाकि मनुष्य भी धन प्राप्त करने के लिए विभिन्न प्रकार की मायाचारी करता है। जिससे तिर्यच गति का बंध होता है। छल कपट करके हम धन व यश प्राप्त कर ले लेकिन उसी समय आयु का बंध हो गया तो तिर्यच में जाना पड़ेगा। हमारे परिणाम सहज व निर्मल होंगे तो आगे अच्छी गति का बंध होगा। निर्मल परिणाम धारण करने पर उन्नति होती है कौरवों ने हमेशा पांडवों को नीचे दिखाने का प्रयास किया लेकिन पांडवों ने हमेशा उन्नति की, निर्मल परिणाम के कारण पांडव लाक्षा गृह से भी सुरक्षित निकल जाते हैं। सभी पांडव सरलता के कारण मोक्ष मार्ग पर चलने लगे। लेकिन मुनि अवस्था में भी गरम-गरम आभूषण उनको पहना दिए। सरलता के कारण उनका ध्यान आत्मा की ओर था।

मुनि श्री ने कहा कि उत्तम आर्जव धर्म के कारण, सरलता के कारण ही लोगों की पूजा होती है। पर्युषण पर्व जीवन को बदलने का अवसर प्रदान करने के लिए आता है। धर्म के प्रति हमेशा पुरुषार्थ करते रहना चाहिए। प्रत्येक जीव द्रव्य स्वतंत्र है। वह अपने जीवन को पुरुषार्थ से कैसा भी बन सकता है।

## नगरीय विकास मंत्री के दौरे से पूर्व सड़क की साईडें भरने डाला मुरम



**नलखेड़ा।** नगरवासियों को अभी तक मूलभूत सुविधाएं देने में असफल रही नगर परिषद द्वारा नगरीय विकास एवं आवास मंत्री के नगरागमन के एक दिन पूर्व नगर को स्वच्छ व अच्छी सड़कें दिखाकर खुश करने के लिए मुख्य मार्ग की साईडे भरने के लिए सड़क किनारे पर मुरम के ढेर लगाए गए हैं। नगर के मुख्य मार्ग शिवाजी चौराहे से मां बगलामुखी चौराहे तक सड़क के दोनों ओर बने फुटपाथ को नगर पंचायत द्वारा लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व तोड़ दिए गए थे उसके बाद से अभी तक सड़क चौड़ीकरण अथवा सड़क की साइडों को ठीक करने की सुध नहीं ली गई थी। अब जबकि प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय व प्रभारी मंत्री नागरसिंह चौहान का आज नगरागमन हो रहा है तो नगर पंचायत द्वारा नगर की सड़कें अच्छी दिखें इसलिए शनिवार को साइडों को मुरम से भरवाने के लिए सड़क किनारे मुरम के ढेर लगवाए गए हैं। जबकि उक्त मार्ग के हालात बद से बदतर बने हुए हैं। नाली के अभाव में सड़क पर गंदा पानी बहता रहता है। फुटपाथ तोड़े जाने के बाद सड़क चौड़ीकरण अथवा साइडों को दुरुस्त नहीं करवाने पर दुकानदारों द्वारा स्वयं के व्यय से मुरम आदि डलवाकर ठीक करवाया गया। मुख्य मार्ग में स्थान स्थान पर बड़े बड़े गड्ढे हो रहे हैं कई स्थानों पर डामर उखड़ा पड़ा है जिसके संबंध में पूर्व में भी समाचारों के माध्यम से संज्ञान में लाया गया। गत कई वर्षों से इसी मार्ग पर सड़क पर बहते गंदे पानी में से होकर प्रतिदिन हजारों दर्शनार्थी निकलने को मजबूर हो रहे हैं। जिसके सम्बंध में कई बार समाचारों के माध्यम से जिम्मेदारों को संज्ञान में लाया गया, लेकिन आज तक कोई कदम नहीं उठाये गए। इसी मार्ग पर कई स्थानों पर वर्षा का पानी भरा रहता है। एक दिन वर्षा होने के बाद यह पानी अगले तीन चार दिनों तक भरा रहता है जिनमे से तेज गति से निकलने वाले वाहनों के कारण पानी के छींटे दूर तक जाते है और राहगीरों के कपड़े खराब होते हैं। लेकिन नगर पंचायत द्वारा आजतक वर्षा के पानी की निकासी के इंतजाम नहीं किए हैं। इसके अतिरिक्त नगर पंचायत अपने नगरवासियों को अन्य मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध करवाने में असफल रही है। स्वच्छता के मामले में फिसड्डी रहने वाले नगर में गंदगी के ढेर दिखाई देना सामान्य बात हो गई है। यहां तक कि स्वयं के कर्मचारी ही ट्रेंचिंग ग्राउंड के स्थान पर सड़क अथवा अन्य मैदानों में कचरा फेंकते रहते है। ऐसे में मंत्री के नगरागमन पर ताबड़तोड़ भरवाई जा रही साइडों एवं लखुंदर नदी की पुलिया से अंदरूनी मार्गो की करवाई गई सफाई का नगरवासी ही उपहास उड़ा रहे हैं। अब देखना है कि उक्त कार्य एवं स्वच्छता का लाभ कितने दिनों तक मिलेगा।

## सहकारिता कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन, करेंगे मुख्यमंत्री आवास का घेराव



**सीहोर।** सहकारिता कर्मचारियों ने पिछले दिनों अपनी मांगों को लेकर भोपाल में विन्धायंचल भवन का घेराव किया था तीन सूत्रीय मांगों पर चर्चा हुई लेकिन जो उनकी मांगे थी अभी तक पूरी नहीं हो पाई अब प्रांतीय कार्यकारिणी द्वारा निर्णय लिया गया कि मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा। जिसमें 54 हजार से अधिक सहकारिता कर्मचारी संघ के कार्यकर्ता और कर्मचारी शामिल होंगे क्योंकि पिछले समय जब विंध्याचल भवन का घेराव किया गया था तब भी केवल आश्वासन दिया गया लेकिन मांग पूरी नहीं हुई प्रमुख मांगे सहकारिता कर्मचारियों की ये है कि 60 प्रतिशत कर्मचारियों का जिला बैंकों में चयन आज तक नहीं हुजा तत्काल चयन कराया जाये अक्टूबर 2023 से प्रति विक्रेता 18 माह का 54000 जो मात्र 18 जिलों को निल है एवं 34 जिलों में अभी तक भुगतान नहीं किया गया है जिले के कर्मचारियों को तत्काल प्रदान किया जाये बढ़ा हुआ वेतन जिले के कर्मचारियों को नहीं मिल रहा है उन्हें तत्काल शासन के आदेश अनुसार भुगतान करें एवं सहकारिता कर्मचारियों की जो मांगे हैं सभी मांगे समय पर पूरी करें।

### कलेक्टर व सीईओ ने किया बच्चों को पोषण टोकरी का वितरण

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने जिला चिकित्सालय के शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र (डीईआईसी) में एक कदम सुपोषण की ओर कार्यक्रम के तहत आयोजित स्वास्थ्य एवं पोषण शिविर में बच्चों को पोषण टोकरी का वितरण किया। सीहोर जिला चिकित्सालय के साथ ही सीहोर ग्रामीण तथा श्यामपुर में भी स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में डॉक्टरों द्वारा 155 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

इस अवसर पर डीईआईसी में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि बच्चों का स्वस्थ और पोषित होना ही हमारे भविष्य की सबसे बड़ी पूंजी है। जब बच्चे मजबूत और कुपोषण मुक्त होंगे, तभी समाज और राष्ट्र सशक्त बनेगा। उन्होंने कहा कि पोषण केवल शरीर को ताकत देने का साधन नहीं है, बल्कि यह बच्चों के मानसिक, शारीरिक और बौद्धिक विकास की नींव है। उन्होंने सभी अभिभावकों से आह्वान किया कि हम सब मिलकर बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण का ध्यान रखें।

## दिल्ली से आए निर्वाचन आयोग दल ने मतदान केंद्र का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

भारत निर्वाचन आयोग दिल्ली से नियुक्त दल द्वारा सुसनेर विधानसभा 165 के अंतर्गत नलखेड़ा तहसील के मतदान केंद्र क्रमांक 183 गुदरावन का निरीक्षण कर बीएलओ से चर्चा की। शनिवार को भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली का दल जिसमे पीपीएस जसकीरत सिंह पीपीएस प्रीति एसओ देशराज सिंह अनीता गौतम एएसओ भवानी पांडे पूजा रानी जेएसए गीता रानी जेएसए अखिलेश कुमार जेएसए ललिता द्वारा सुसनेर तहसीलदार रामेश्वर दांगी के साथ विधानसभा क्षेत्र 165 सुसनेर के अंतर्गत तहसील नलखेड़ा के मतदान केंद्र क्रमांक 183 गुदरावन का विजिट किया एवं बीएलओ से चर्चा की। दल द्वारा मतदाता सूची एवं मतदान केंद्र का निरीक्षण भी किया गया।

### जिले में अब तक 1148.4 एमएम औसत बारिश दर्ज



**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में सुबह 08 बजे तक 3.2 एमएम औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 0, एमएम, श्यामपुर में 2, आष्टा में 0, जावर में 0, इछावर में 5, भैरूंदा में 19, बुधनी में 0, रेहटी में 0 एमएम वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 01 जून से 29 अगस्त को सुबह 8 बजे तक 824.3 एमएम औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 916.1 एमएम थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 एमएम है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 29 अगस्त 2025 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 794.6, एमएम, श्यामपुर में 724.9, आष्टा में 649, जावर में 554.6, इछावर में 811.3, भैरूंदा में 824, बुधनी में 1135 तथा रेहटी में 1101.2 एमएम वर्षा दर्ज की गई है।

### विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित कर विजेतओं को वितरित किए पुरस्कार

# राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट में मनाया गया मेजर ध्यानचंद का जन्म दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शुक्रवार को शास. उत्कृष्ट सीहोर में राष्ट्रीय खेल दिवस पर मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि गोपाल सोनी द्वारा मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वालित कर खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया। अपने संबोधन में कहा कि पढ़ाई के साथ विद्यार्थी जीवन में खेल से जुड़ना चाहिए, बताया कि मेजर ध्यान चंद ने भारत को तीन बार हॉकी में ओलंपिक स्वर्ण पदक दिलाए, जो कि भारत के लिए विश्व में सम्मान का विषय है। इस मौके पर 100 मीटर फर्राटा दौड़ , चम्मच दौड़, कुर्सी दौड़, योगा में विद्यार्थियों ने खेल प्रतिभाएं दिखाई। प्रतिभागियों को पुरस्कार में मेडल और शील्ड प्रदान किए गए।

मुख्य अतिथि गोपाल सोनी विधायक प्रतिनिधि, कार्यक्रम की अध्यक्षा वसंस्था प्राचार्य महोदय द्वारा 100 मीटर दौड़ का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। खिलाड़ियों को शुभकामनाः वरिष्ठ व्याख्याता डॉ. राजेंद्र देशमुख जी ने खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए कहा कि नियमित अभ्यास से राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिला और राज्य का नाम रोशन किया जा सकता है। एनएसएस ऑफिसर व वरिष्ठ व्याख्याता देवेंद्र राय सर ने अपने खेल जीवन के अनुभव शेयर करते हुए। खेल के महत्व को उजागर किया। फिजिक्स के विद्वान व्याख्याता, अरविंद पटेल ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मेजर ध्यानचंद की आत्मकथा का उल्लेख किया। उत्कृष्ट सीहोर की पीटीआई अर्चना सिलोदिया जो कि फुटबॉल की राज्य और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त है किया है। विद्यार्थियों के समक्ष फिटनेस और स्वास्थ्य के महत्व पर चर्चा की गई। साथ ही डोली गुप्ता, राष्ट्रीय भारोत्तल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त, खिलाड़ी ने बताया कि हर दिन अपने लिए 30 मिनट का समय निकाल कर फिट और स्वस्थ रहने के टिप्स भी बताए, तभी हम फिट इंडिया मोमेंट ला पाएंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. साहू, द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतिभागियों को मुख्यअतिथि विधायक प्रतिनिधि गोपाल सोनी और प्राचार्य सुनीता जैन मैडम द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। साथ ही कार्यक्रम के खेल प्रभारी राम वृक्ष भारतद्वाज ने माननीय मुख्य अतिथि महोदय जी का आभार माना व धन्यवाद ज्ञापित किया। उत्कृष्ट सीहोर में 30 अगस्त को समय 1:00 बजे कार्यशाला का आयोजन होगा। 31 अगस्त को समय 10:30 बजे जिला स्तरीय साइकल रैली आयोजन। आवासीय खेलकूद संस्थान सीहोर से शुभारंभ होगा और समापन भी आवासीय खेलकूद संस्थान सीहोर में होगा।

## डॉ. पंकज जैन के खिलाफ जल्द हो एफआईआर: कमलेश दोहरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



बहुजन समाज पार्टी के कमलेश दोहरे, जिला प्रभारी अनोखी लाल मालवीय, जिला अध्यक्ष संजीव बौद्ध, जिला महासचिव नरसिंह भारतीय के द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जिसमें बताया गया कि शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज सीहोर में पदस्थ डॉ. पंकज जैन विभागध्यक्ष मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट द्वारा सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा के सत्र जुलाई-अगस्त 2025 के तारांकित प्रश्न 532 के संदर्भ में अपनी स्वयं की जानकारी छुपाते हुए षडयन्त्रपूर्वक सारी जानकारी निरंक जवाब प्रस्तुत कर विधानसभा को गुमराह किया है, जबकि डॉ. पंकज जैन द्वारा लगातार गंभीर आर्थिक अनियमिततायें की जाती रही है और फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र से नौकरी हासिल करने में भी डॉ. पंकज जैन को विभाग द्वारा की गई जांच में दोषी करार दिया गया है। लोकायुक्त जांच एवं आर्थिक अपराध संस्थान भोपाल द्वारा की गई की गई विभिन्न जांचों एवं आर्थिक अनियमितताओं में भी डॉ. पंकज जैन को दोषी बताया गया है। आर्थिक अनियमितताओं से संबंधित जानकारी सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा ने मांगी थी, जिसका जवाब डॉ. पंकज जैन द्वारा साक्ष्य छुपाते हुए गलत प्रस्तुतीकरण करते हुए पूरी जानकारी विधानसभा में झूठी प्रस्तुत करके शासकीय सेवा अधिनियम के अंतर्गत एक गंभीर अपराध किया है। साथ ही कमलेश दोहरे ने कलेक्टर बालागुरु के. से यह भी चर्चा की है कि कालेज में छात्राओं की पढ़ाई अभी तक प्रारम्भ नहीं है, संस्था में पढ़ाई सुचारू रूप से हो एवं छात्राओं को मिलने वाली स्टेशनरी एवं अन्य सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाए एवं डॉ. पंकज जैन को तत्काल निलंबित करते हुए प्राथमिकी एफआईआर दर्ज करने के आदेश जारी किये जावे।

**खबर संक्षेप**

## प्रतिदिन हो रही भगवान गणेश की महाआरती



**चापडा।** बीते बुधवार से ग्रामीण अंचल में गणेश उत्सव उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इसी के चलते चापडा नगर के प्राचीन गणेश मंदिर पर गणेश उत्सव समिति द्वारा नगर वासियों के सहयोग से उत्सव मनाया जा रहा है। इस दौरान प्रतिदिन शाम को गणेश जी की महा आरती का आयोजन किया जा रहा है। साथ में लड्डू की प्रसादी का वितरण किया जाता है। पंडित दीपक त्रिवेदी द्वारा पूजन कराया जाता है। प्रथम दिन कि महाआरती विनोद पाटीदार ,पवन पाटीदार की ओर से की गई एवं प्रसादी का वितरण किया गया, गुरुवार शाम की आनंदीलाल पाटीदार, सूरजमल पाटीदार, दिनेश पाटीदार, जगदीश पाटीदार, रमेश पाटीदार, गब्बर पाटीदार , शुक्रवार को जितेंद्र पाटीदार, धर्मेंद्र पाटीदार, शंकर पाटीदार की ओर से की गई 21 किलो लड्डू की प्रसादी का वितरण किया गया। इसी के साथ हाटपिपल्या मार्ग पर श्री महाकाल गणेश उत्सव समिति द्वारा गणेश जी की मूर्ति स्थापित कर गणेश उत्सव मनाया जा रहा है। आरती के पश्चात बच्चों द्वारा सांस्कृतिक एवं धार्मिक प्रस्तुत किया दी जाती है।

## पुलिस लाइन मैदान पर लगेगा मीना बाजार

**देवास।** नगर निगम द्वारा 89 वीं दशहरा कृषिकाल एवं औद्योगिक प्रर्दशनी (मीना बाजार) का अयोजन किया जा रहा है। विगत कुछ वर्षो से आईटीआई मैदान पर प्रदर्शनी आयोजित हो रही थी। यहां पर शासकीय योजना के तहत निर्माण कार्य होने से इस वर्ष प्रदर्शनी का आयोजन पुलिस लाइन मैदान पर शारदीय नवरात्रि के प्रारंभ से किया जाएगा। महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने इस संबंध मे बताया कि इस वर्ष पुलिस लाईन पर दशहरा कृषिकाला एवं औद्योगिक प्रदर्शनी (मीना बाजार) लगाए जाने की अनुमति पुलिस प्रशासन से ली गई है।

### विधायक गायत्री राजे पवार ने संस्था कृपालु के सेवा-कार्य की सराहना की

# गणेशोत्सव की भक्ति में उमड़ा जनसैलाब संस्था कृपालु का कार्य बना श्रद्धा का केंद्र

कृपालु परिवार द्वारा शहर में लगातार दस दिनों तक भव्य भोजन प्रसादी वितरण का आयोजन हो रहा हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास





गणेश उत्सव की पावन वेला में पूरा देवास शहर भक्ति और आस्था के रंग में रंगा हुआ है। चामुंडा कॉम्प्लेक्स स्थित संस्था कृपालु परिवार द्वारा आयोजित कृपालु के बप्पा की स्थापना एवं 10 दिवसीय धार्मिक आयोजन भक्तों के लिए दिव्य अनुभूति का माध्यम बन रहा है। तीसरे दिन शुक्रवार को इस भव्य उत्सव में श्रद्धा का अद्भुत समागम हुआ, जब नगर की प्रमुख हस्तियों ने कृपालु के बप्पा की आरती कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। आरती में देवास विधायक राजमाता गायत्रीराजे पवार, भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन, सत्तापक्ष नेता मनीष सेन, पूर्व प्राधिकरण अध्यक्ष राजेश यादव, विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता मदनलाल कहार, पूर्व जिलाध्यक्ष बहादुर मुकाती, पूर्व महापौर सुभाष शर्मा, भाजपा नेता भारत सिंह पटलावदा, पूर्व पार्षद जुगनू गोस्वामी, नगर निगम एमआईसी सदस्यो सहित नवनियुक्त भाजपा के चारों मंडलों के पदाधिकारी एवं अनेक श्रद्धालु परिवार सहित उपस्थित हुए और कृपालु के बप्पा की महाआरती में सम्मिलित होकर आशीष पाया। आरती उपरांत संस्था कृपालु परिवार एवं सुमेरसिंह दरबार द्वारा सभी अतिथियों का विधिवत सम्मान किया गया। उन्हें दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत-सत्कार कर पुण्य कार्य का सहभागी बनाया गया।

विधायक राजमाता गायत्रीराजे पवार ने इस अवसर पर संस्था कृपालु के धार्मिक आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि कृपालु परिवार द्वारा भोजन प्रसादी एवं भक्ति भाव से किए जा रहे इस अनुष्ठान ने देवास को धार्मिकता की धारा में जोडऩे का महान कार्य किया है। यह आयोजन सामाजिक समरसता और धार्मिक एकता का अनुपम उदाहरण है। भक्ति और सेवा के इस दिव्य संगम में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु कृपालु के बप्पा की आरती के बाद दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। तत्पश्चात भक्तगण भोजन प्रसादी ग्रहण कर अपने जीवन को धन्य बना रहे हैं। संस्था कृपालु परिवार का यह पहला अवसर है जब देवास में लगातार दस दिनों तक भव्य भोजन प्रसादी वितरण का आयोजन किया जा रहा है। यही कारण है कि यह उत्सव आज पूरे शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। हर दिन बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या यह प्रमाणित कर रही है कि कृपालु के बप्पा का यह महोत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज में सेवा, सहयोग और भाईचारे का संदेश देने वाला पुण्य पर्व है।संस्था कृपालु परिवार व सुमेरसिंह दरबार ने नगरवासियों और भक्तजनों से अपील की है कि वे प्रतिदिन सायं चामुंडा कॉम्प्लेक्स स्थित कृपालु के बप्पा की आरती में उपस्थित होकर दर्शन-पूजन एवं भोजन प्रसादी का लाभ अवश्य लें। यह भव्य आयोजन न केवल देवास की धार्मिक परंपरा को नया आयाम दे रहा है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए आस्था और सेवा का प्रेरणास्त्रोत भी बन रहा है।




# नगर मे कल निकलेगा गणेश विसर्जन जुलूस

**झांकियों को अंतिम रूप दे रहे कारीगर**



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

नगर में श्री गणेश विसर्जन का ऐतिहासिक जुलूस सोमवार को निकलने वाला है जिसमें प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी 15 से 20 झांकियां शामिल होगी। लगभग 3 बड़े अखाड़े इस जुलूस में शामिल होकर नगर भौरासा व आसपास के लोगों को वर्षों पुरानी जुलूस की परंपराओं की याद ताजा कराएंगे। सोमवार को निकलने वाले इस चल समारोह में श्री गणेश उत्सव चल समारोह नगर परिषद द्वारा इस वर्ष भी ऐतिहासिक जुलूस निकालने के लिए नगर व क्षेत्र के नागरिकों को प्रेरित किया गया हैं। सभी के सहयोग से इस बार भी नगर में लगभग 6 से 7 बड़ी झिलमिलाती झांकियां समितियो द्वारा बनाई गई है व बाहर से आमंत्रित की गई है। नगर परिषद अध्यक्ष संजय कुमार जोशी ने बताया कि नगर में पिछले कई वर्षो से गणेश विसर्जन का ऐतिहासिक जुलूस सफलतापूर्वक निकाला जा रहा है। इस बार हम फिर से जुलूस को भव्यता देते हुए नगर में भगवान गणेश का विसर्जन जुलूस भव्य तरीके से निकालने जा रहे हैं जिसमें प्रथम आने वाली झांकी को 25 हजार रुपये का पुरस्कार नगर परिषद की ओर से दिया जाएगा। वहीं अखाड़े को एवं गणेश प्रतिमाओं की झांकियों समेत समस्त झांकियों को नगर परिषद की ओर से पुरस्कृत भी किया जाएगा। नगर परिषद अपने मंच से सभी झांकियों को पुरस्कृत करेगा। दूसरी ओर नगर में कल निकलने वाले जुलूस को लेकर निकलने वाली झांकियों को कलाकार अंतिम रूप दे रहे है। समिति सदस्य झांकियों को प्रथम लाने के लिए जी तोड़ मेहनत कर रहे हैं। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए परिषद अध्यक्ष संजय कुमार जोशी ,नगर परिषद उपाध्यक्ष जय सिंह राणा ,पार्षद प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, नगर परिषद सीएमओ सविता सोनी ,पार्षद सीमा दीपक जायसवाल, गुलाब बाई छोटू लोधी, मनीष यादव, सचिन यादव, वंदना धर्मेंद्र ठाकुर, सुरेश मालवीय, आरती संदीप चावड़ा,शारदा बाई रमेश चंद्र डोडिया, सीमा राजेंद्र यादव, गुलरेज मदनी , शबनम अफजल मंसूरी ,अबरार गांधी, कमला बाई भादर सिंह भाटिया ने नगर वासियों से अधिक से अधिक संख्या में पधार कर इस कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## निशुल्क नेत्र व स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आज

**देवास।** सेठ जीतमल कमलाबाई अग्रवाल पारमार्थिक ट्रस्ट द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होने जा रहा है। संस्थापक रमेश कुमार जीतमल अग्रवाल ने बताया कि 31 अगस्त, रविवार को प्रातः 11 से दोपहर 3 बजे तक मक्सी रोड़ बिलावली स्थित सौरभ डेयरी के सामने रामाश्रय परिसर में आयोजित होने वाले शिविर में डॉ. आरके सक्सेना नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ. हरमीत सिंह सलूजा बीपी, शुगर, थायराइड एवं पेट रोग विशेषज्ञ, डॉ. पुनीत माहेश्वरी - हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ. त्रशिता राजानी चर्म रोग विशेषज्ञ, डॉ. प्रतीक श्रीवास्तव - दंत रोग विशेषज्ञ, डॉ. इंद्रदीप अरोरा नाक, कान एवं गला विशेषज्ञ आदि अनुभवी डॉक्टरों द्वारा उपचार किया जाकर उचित परामर्श दिया जाएगा।

# संकुल प्राचार्यों की सीएम राइज स्कूल में हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



बीपीएमयू की बैठक अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बागली शिवम यादव ,बीईओ एन पी सिंह की उपस्थिति में समस्त संकुल प्राचार्य ,जन शिक्षा केंद्र प्रभारी, जनशिक्षकों की बैठक सांदीपनि विद्यालय सभा कक्ष बागली में संपन्न हुई। एसडीएम शिवम यादव ने कहा कि अनुभाग बागली में शैक्षणिक क्षेत्र में पूरी दक्षता के साथ सफलता अर्जित करना है। इस हेतु आप और हम सबको अपने शासकीय दायित्वों के साथ-साथ अपने नैतिक दायित्वों का निर्वहन भी पूरी जिम्मेदारी के साथ करना है।

साथ ही यादव ने विकासखंड अंतर्गत समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के संस्था प्रधानों को ऑनलाइन पोर्टल 3.0, यू डाइस, साइकिल वितरण, पाठ्य पुस्तक प्राप्ति एवं वितरण, छात्रवृत्ति संबंधित कार्य, दो दिवस में शत प्रतिशत पूर्ण करने हेतु आदेशित किया गया एवं भविष्य में सभी कार्य समय सीमा ने पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। बीपीएमयू की बैठक में इस माह एवं गत माह के मेंटरिंग, चाइल्ड ट्रेकिंग, ट्रांजैक्शन लॉस, 3.0, यू डाइस एंट्री का जन शिक्षा केंद्र वार विस्तार पूर्वक विश्लेषण पीपीटी के माध्यम से बीआरसी बनारसी द्वारा किया गया जिन क्षेत्रों में कमजोर प्रदर्शन रहा उन पर और ज्यादा मेहनत करने हेतु बनारसी द्वारा कहा गया। तत्पश्चात माह जुलाई अगस्त एफ एल एन की जानकारी कॉर्डिनेटर विश्वांगी द्वारा दी गई। नोडल संकुल सह समन्वयक बागली वारिस अली ने जनशिक्षा केंद्रवार पंजीयन डाटा की जानकारी दी। एमआर सी प्रफुल्ल द्विवेदी द्वारा सीडब्ल्यूएसएन बच्चों के आंकड़ों की जानकारी एवं उनको मिलने वाली सुविधाओं पर प्रकाश डाला गया। शिक्षक संदर्शीका व प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय शैक्षिक संवाद के संबंध में योगेश तिवारी द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। आयोजित हुई बैठक के दौरान बीआरसी कय्यूम खां बनारसी, सी एम राइज प्राचार्य सोनिया वर्मा, प्राचार्य प्रकाश चंद्र डाबी भी मौजूद रहे।

### किलकारी अभियानः टीएसीसी लिमिटेड ने की पहल

# सिविल अस्पताल सोनकच्छ व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अरन्या के लिए दिए चिकित्सीय उपकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




किलकारी अभियान अंतर्गत टीएसीसी लिमिटेड द्वारा पोषण पुनर्वास केंद्र सिविल अस्पताल सोनकच्छ एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अरन्या को सीएसआर मद से विभिन्न चिकित्सीय उपकरण एवं सामग्री सोनकच्छ विधायक डॉ. राजेश सोनकर की उपस्थिति में दिए गए। विधायक डॉ. राजेश सोनकर ने टीएसीसी लिमिटेड की इस पहल की प्रशंसा की और स्वास्थ्य क्षेत्र में कंपनी के अनूठे एवं महत्वपूर्ण योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कंपनी का उदाहरण देते हुए समाज के अन्य लोगों को भी इस पहल में आगे आकर सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। उल्लेखनीय है कि टीएसीसी लिमिटेड द्वारा भारत सरकार के टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जुलाई 2025 से 1000 मरीजों को अगले छह माह तक प्रतिमाह निःशुल्क 'नि-क्षय पोषण आहार किट' प्रदान की जा रही है। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजनी जेम्स बैक, बीएमओ सोनकच्छ डॉ. राकेश कुमार एवं बीडीओ दीपक चौहान उपस्थित थे।

### मेजर ध्यानचंद की जन्म जयंती के 120वें वर्ष में जिले में आयोजित हो रही खेल गतिविधियां

# इंटर स्कूल वॉलीबॉल प्रतियोगिता में 28 टीमों ने लिया भाग






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी देवास ने बताया कि मेजर ध्यानचंद के जन्म जयंती के 120 वें वर्ष में संपूर्ण देवास जिले में खेल गतिविधियां व कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसके तहत श्रीमंत तुकोजीराव पवार स्टेडियम में जिला स्तरीय इंटर स्कूल बालक / बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई। बालक वर्ग में 20 व बालिका वर्ग में 08 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में बालक वर्ग में प्रथम स्थान रणजीत कांवेंट हायर सकेंडरी स्कूल आगरोद, द्वितीय स्थान सरस्वती बाल विनय मंदिर बालगड़ देवास, तृतीय स्थान ज्ञान सागर एकेडमी देवास ने प्राप्त किया।

बालिका वर्ग में प्रथम स्थान सरस्वती बाल विनय मंदिर बालगढ़ देवास, द्वितीय स्थान सेंट एंटोनी कॉन्वेंट हायर सकेंडरी स्कूल सोनकच्छ, तृतीय स्थान सरस्वती शिशु मंदिर (सीबीएसई) मुखर्जी नगर देवास ने प्राप्त किया। प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट समिर शेख रणजीत कॉन्वेट हायर सेकेंडरी स्कूल आगरोद, बेस्ट अटेकर विक्की ज्ञान सागर एकेडमी देवास, बेस्ट लिबरो आदित्य सरस्वती बाल विनय मंदिर बालगड़ देवास रहे। प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि जयवीर सिंह भदौरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व अध्यक्षता भारत चौधरी विधायक प्रतिनिधि देवास ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भदौरिया ने कहा कि व्यक्ति के जीवन में खेलों का उपयोग बहुत मत्वपूर्ण हैं खेल के माध्यम से शरीर स्वस्थ रहता है स्वस्थ व फिट रहने से सफलता निश्चित मिलती है। भदौरिया ने आयोजको को प्रतियोगिता में आए विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभावान बच्चे चिन्हित कर उन्हें प्रशिक्षण हेतु विभागीय प्रशिक्षण केन्द्र में आमंत्रित करने हेतु कहा। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा हॉकी फीडर सेन्टर के बालक/बालिकाओं को खेल सामग्री भी वितरित कि गई। वॉलीबॉल प्रतियोगिता का संचालन ललित भंडारी ने किया।

इस अवसर पर हेमेन्द्र निगम, सुधीर टोप्पो, जितेन्द्र पवॉर, विशाल पडियार, अर्जन सोलंकी, शेलेन्द्र चौहान, प्रमोद चौहान, रवि गिरजापुरकर, राजेश बराना सादीक अली आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन यशवंत डागोरा ने किया व आभार पप्पी मर्सकाले ने माना।

# बीएसएनएल की जमीन की बिक्री के लिए प्री बिड मीटिंग आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

बीएसएनएल दूरसंचार जिला प्रमुख कार्यालय, देवास में शनिवार को कार्यपालन यंत्री (सिविल), इंदौर रवि कौल के मार्गदर्शन में प्री-बिड बायर्स मीटिंग आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य देवास में स्थित बीएसएनएल की अतिरिक्त भूमि के विक्रय संबंधी सभी बिंदुओं पर संभावित खरीदारों को विस्तृत जानकारी प्रदान करना था। बैठक के दौरान कौल ने ई-ऑक्शन की प्रक्रिया, भूमि के तकनीकी विवरण एवं अन्य आवश्यक पहलुओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। यह भूमि दुर्गा मंदिर के पास, कालानी बाग क्षेत्र में स्थित है। कुल प्लॉटों की संख्याः 50 है और जिसका कुल क्षेत्रफलः 12,172 वर्ग मीटर है। विभागीय रिजर्व प्राइसः ?39.29 करोड़ तय किया गया है। विक्रय की विधिः ई-ऑक्शन रखी गई है। इस अवसर पर दूरसंचार जिला प्रमुख नवीन कुमार सिलोदिया सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### अनुराग खरे सपा के जिला उपाध्यक्ष मनोनीत



**ललितपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष/पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार, प्रदेशाध्यक्ष श्यामलाल पाल की संस्तुति पर जिलाध्यक्ष नैपाल सिंह ने जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया है। इसके तहत सपा जिलाध्यक्ष ने जिला उपाध्यक्ष पद पर गांधीनगर निवासी अनुराग खरे जो कि समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं को मनोनीत किया है। अनुराग खरे के जिला उपाध्यक्ष मनोनीत होने पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। जिला उपाध्यक्ष अनुराग खरे ने कहा कि जो जिम्मेवारी पार्टी ने उन्हें सौंपी है, वह उसका कर्तव्य निष्ठा के साथ निर्वाह्न करेंगे। इसके अलावा उन्होंने पीडीए को जिले में और अधिक मजबूत बनाये जाने पर भी जोर दिया

### भारतीय जनता पार्टी की शोक सभा संपन्न

**ललितपुर।** भारतीय जनता पार्टी की एक शोक सभा जिला कार्यालय पर आयोजित हुई । शोक सभा में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता ईं बी के पाल की धर्मपत्नी श्रीमती सरोज पाल आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया एवं पवित्र आत्मा की शान्ति के लिए दो मिनट का मौन रख प्रार्थना की गई।इस अवसर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, ,बरिष्ठ नेता अशोक गोस्वामी,बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड के सदस्य प्रदीप चौबे, पूर्व अध्यक्ष गण जगदीश सिंह लोधी एड,हरीराम निरंजन, राजकुमार जैन,सहकारी बैंक अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह लोधी एड, जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला, महेश श्रीवास्तव भैया, बंशीधर श्रीवास, बलराम सिंह लोधी एड डा राजकुमार जैन, रमेश खटीक, ईं भागीरथ बरुआ,जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, युवा मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष गौरव गौतम, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नीतेश संज्ञा, शशिशेखर पाण्डेय, सह मीडिया प्रभारी ध्रुव सिंह सिसौदिया, रुपेश साहू,दीपक पाराशर,दीपक वैद्य अजय जैन साईकिल, कमलापति रिछारिया,प्रताप विक्रम सिंह यादव, विशाल रावत, अरविंद सिंघई, अशोक साहू दाऊ,हरेन्द्र प्रताप सिंह बुंदेला,हरेन्द्र प्रताप सिंह भदौरिया,मनीष बामौर,अरुण तिवारी मौगान आदि उपस्थित रहे।

### प्रतीक चिन्ह प्रतियोगिता का आयोजन

**ललितपुर ।** नगर पालिका परिषद, ने अपना प्रतीक चिन्ह (लोगो) जारी किया जाना है, प्रतीक चिन्ह बनाने वाला व्यक्ति नगर पालिका परिषद, ललितपुर के क्षेत्रांतर्गत का निवासी हो, प्रतीक चिन्ह बनाने वाले व्यक्ति की उम्र की सीमा कोई भी हो, वह व्यक्ति प्रतीक चिन्ह को बनाकर कार्यालय नगर पालिका परिषद, ललितपुर की ई-मेल आईडी, रजिस्टर्ड डाक व कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर आरडीसी विभाग में 15 सितंबर तक जमा कर सकता है। कार्यालय में प्राप्त समस्त प्रतीक चिन्हों की जाच उप जिलाधिकारी सदर / प्रशासक मनीष कुमार की उपस्थिति में टीम बनाकर की जाएगी, सबसे अच्छा प्रतीक चिन्ह बनाने वाले व्यक्ति के लिए नगर पालिका परिषद, ललितपुर द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं उचित ईनामी धनराशि से सम्मानित किया जाएगा। प्रतीक चिन्ह से संबंधित अन्य जानकारी के लिए कार्यालय नंबर पर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

### ट्रेन में चढ़ते समय यात्री की मौत

**ललितपुर।** शनिवार सुबह साढ़े पांच बजे सचखंड एक्सप्रेस में चढ़ते समय एक यात्री की मौत हो गई। मोहल्ला जुगपुरा निवासी 35 वर्षीय माखन पुत्र करन सिंह राजपूत झांसी जाने के लिए ट्रेन में चढ़ रहा था। चढ़ते समय उसका पैर फिसल गया और वह ट्रेन के नीचे आ गया। हादसे में उसका शरीर दो हिस्सों में बंट गया। आरपीएफ उप निरीक्षक पीके दुबे तुरंत मौके पर पहुंचे। वे घायल को मेडिकल कॉलेज ले गए। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के ससुर ब्रजनंदन ने बताया कि उनकी पुत्री ने फोन कर घटना की जानकारी दी। माखन चार भाई और एक बहन में तीसरे नंबर का था।

---

नपा में बोर्ड बैठक में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा को सौंपा ज्ञापन

# समस्याओं के निस्तारण को पार्षदों ने मांगी निधि, विधायक ने दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



शहर में 26 वार्ड हैं, जो कि नगर पालिका परिषद के अधीन हैं। इन वार्डों के मोहल्लों में आये दिन नाली, सड़क, गड्ढे इत्यादि सुधरवाने के लिए कार्य निकलते रहते हैं। इन छोटे-छोटे कार्यों को कराने के लिए पार्षद को बजट का इंतजार करना पड़ता है, जिस कारण लम्बा समय लग जाता है। समय पर कार्य न होने के कारण पार्षदों को कई बार मोहल्लेवासियों की नाराजगी से भी दो-चार होना पड़ता है। इस समस्या का स्थायी समाधान किये जाने की दिशा में पार्षदों ने वार्ड नं. 18 के पार्षद आलोक जैन मयूर के नेतृत्व में एक ज्ञापन विगत दिवस नपा सभागार में आयोजित बोर्ड बैठक में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा को सौंपा है। ज्ञापन के जरिए पार्षदों ने एकजुटता दिखाते हुये वार्डों में इस प्रकार के निकलने वाले कार्यों के लिए प्रत्येक पार्षद को 50 हजार रुपये की निधि स्वीकृत किये जाने की मांग उठायी है। ताकि समय रहते वार्डों की समस्याओं का निस्तारण किया जा सके। इस पर विधायक द्वारा सकारात्मक उत्तर देते हुये जल्द ही इस प्रस्ताव पर विचार किये जाने का आश्वासन दिया है। ज्ञापन देते समय पार्षद आलोक जैन मयूर, पार्षद कुन्दन पाल, पार्षद उदय यादव उर्फ कल्लू पटेल, पार्षद गिरीश पाठक सोनू, पार्षद फरजाना बानो, पार्षद कीर्ति अमित नायक, पार्षद अब्दुल बारी, पार्षद मुस्तफा खां, पार्षद सोनू सिंह, पार्षद पूजा यादव, पार्षद सविता, पार्षद रमेश गांधी, पार्षद रामकिंकर पटैरिया, पार्षद प्रतिनिधि विवेक दरौनिया के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे। इस दौरान एसडीएम सदर/प्रशासक मनीष कुमार, अधिशाषी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा भी मौजूद रहे।

## गोशाला की हालात पर बजरंग दल ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन



**ललितपुर।** जिले में गोशालाओं की स्थिति को दयनीय बताते हुये गोवंशों के भूख-प्यास से मृत हो जाने और पावर प्लाण्ट के ट्रकों द्वारा प्रतिदिन सड़कों पर गोवंशों की एक्सीडेंट में मृत्यु होने पर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया गया है। प्रदर्शन करते हुये अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा है। ज्ञापन में आरोप लगाते हुये बताया कि जिले में ग्राम प्रधान व सचिव की लापरवाहियों द्वारा लापरवाही बरते जाने के कारण गोशालाओं की स्थिति अत्यन्त दयनीय हो गयी है। इसी कारण गोशालाओं में प्रतिदिन गोवंश मृतावस्था में पाये जा रहे हैं। इन घटनाओं पर किसी का ध्यान नहीं जाता, वहीं दूसरी ओर ग्राम चिगलौआ स्थित पावर प्लाण्ट के चलने वाले ट्रक व डम्फरों जिनमें अधिकांश राख लेकर जाते हैं से प्रतिदिन किसी न किसी गोवंश को चोटिल या फिर दुर्घटना से गोवंशों की मौत हो रही है। बताया कि इन प्रकरणों की कई बार शिकायत की गयी, लेकिन इन लापरवाहियों पर रोक नहीं लग पा रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से प्रकरण की जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय अभिषेक पाण्डेय, गोरव शर्मा, बालकिशन नामदेव, विशाल ताम्रकार, शंकर चंदेल, राजेन्द्र शुक्ल, अंकुश, गोरव यादव के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

---

मेजर ध्यानचंद के बारे में बताया

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर बच्चों को किया गया सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में खंड शिक्षा अधिकारी शैलजा व्यास ने प्राथमिक विद्यालय गुगरवारा में विभिन्न प्रतिभाओं को सम्मानित किया और विद्यार्थियों को शिक्षा के तीनों मंचों में प्रवीण होने की बात कही। बीईओ सुश्री शैलजा व्यास ने कहा कि विद्यार्थियों को सर्वांगीण रूप से विकास होने के लिए यह आवश्यक है कि वह कक्षा के साथ-साथ मंच और मैदान में भी निपुण हो, मैदान में निपुण होने से शरीर स्वस्थ और मस्तिष्क तीव्र होता है जिससे जीवन के अन्य पक्षों के विकास को एक सकारात्मक बल मिलता है। उन्होंने शिक्षा एवं खेल से जुड़ी विभिन्न प्रतिभशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया। प्रधानाध्यापक डा.हेमंत तिवारी ने मेजर ध्यानचंद के जीवन से जुड़े प्रेरक संस्मरणों को वह उनके द्वारा देश को प्रदान किया करायेगी, बड़ी उपलब्धियां के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि अब तक भारत को ओलंपिक में 12 मैचों में हिस्सा लेकर 37 गोल किए और ओलंपिक स्वर्ण वाली टीम के तीन बार हिस्सा रहे। इस दौरान छात्रा रुचि यादव, अनुष्का, प्रमित, तमन्ना, सोम यादव, सत्यम यादव सहित तीन दर्जन से अधिक विद्यार्थियों को लेखन सामग्री एवं टिफिन बॉक्स देकर सम्मानित किया गया। बीईओ ने विद्यालय के प्रोत्साहन कार्यक्रम को अनुकरणीय बताते हुए प्रधानाध्यापक डा. हेमंत तिवारी के प्रबंधन की विशेष सराहना की।

---

स्वास्थ्य विभाग के नाम पर झांसा

## नौकरी के नाम पर नौ लाख ठगे पीड़ित ने डीएम की गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिले में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का एक और सनसनीखेज मामला सामने आया है। ग्राम बारौन निवासी एक व्यक्ति से 9 लाख रुपये ठग लिए जव उसकी नौकरी नही लगी तब पीड़ित ने जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार, सरमन पुत्र छुट्टू अहिरवार निवासी ग्राम बारौन, थाना सौजना ने आरोप लगाया है कि वर्ष 2022 में महरौनी निवासी एक युवक स्वयं को स्वास्थ्य विभाग महरौनी में बड़ा अधिकारी बताकर उसके पुत्र रोहित को नौकरी दिलाने का झांसा दिया। पीड़ित का कहना है कि आरोपी ने लगातार संपर्क बनाकर विश्वास में लिया और परिवार सहित भरोसा दिलाया कि रुपये देने पर नौकरी पक्की हो जाएगी। पीड़ित के मुताबिक आरोपी ने 9 लाख रुपये की मांग की। मजबूरी में उसने अपनी खेती की जमीन, सोने-चांदी के जेवरात व भैंसें बेचकर और कर्ज लेकर धीरे-धीरे पूरी रकम आरोपी को अदा कर दी। लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी उसके पुत्र को नौकरी नहीं मिली। इस दौरान जब-जब उसने रुपये लौटाने या नौकरी की बात उठाई तो आरोपी बहानेबाजी कर टालता रहा। पीड़ित ने बताया कि बीते साल 9 अक्टूबर को वह आरोपी से मध्य प्रदेश के शहर टीकमगढ़ में मिला और रुपये लौटाने की बात कही, लेकिन कोई ठोस जवाब नहीं मिला।

---

राधाष्टमी के पावन अवसर पर परिचर्चा

## प्रेमस्वरूप सच्चिदानंद की आल्हादनी शक्ति है, बिन राधा भगवान भी आधाः शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

राधाष्टमी के पावन अवसर पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि सत चित और चैतन्य तो जीव में भी पाये जाते हैं , परंतु ब्रह्म की विशेषता उसका आनंदमय रूप है । राधा उसी रसस्वरूप -प्रेमस्वरूप सच्चिदानंद की आल्हादनी शक्ति है , जिसके अभाव में प्रेम असम्भव है ।

श्री मदभागवत महापुराण में व्यास पुत्र शुकदेवजी, जो आजन्म नित्य शुद्ध पवित्र हैं , वे ही गोपियों के विलक्षण प्रेम के सच्चे निरूपक हैं । हर समय जिसके हृदय में काम , धन और यशलिप्सा के बुलबुले उठते रहेगें , वह गोपीवल्लभ, वृन्दावन बिहारी , राधाधर सुधापान शालिवनमाली



गोपबेषष्य विष्णुः से गोपियों की अनंत प्रेमिल -भक्ति समझ ही नहीं सकता ।

कृष्ण के प्रेमावतार का चरम उद्देश्य यही गोपी प्रेम है , जिसकी पूर्ण अभिव्यक्ति राधाजी में दिखाई देती है । मानवीय रागों में सबसे प्रबल राग हैः प्रेम । वनवासिनी अशिक्षिता ब्रजबालाओं के अनन्य प्रेम को देखकर ज्ञानगुमानी उद्धव का अहंकार पानी -पानी हो जाता है , जब वे वृन्दावन में गोपियों की चरण रज का सेवन करने वाली लता या झाड़ियों में से कुछ भी हो जाने पर अपने को धन्य मानने लगते हैं । कैसा विलक्षण मधुर संयोग है कि प्रेमावतार कृष्ण से सभी प्रेम करते हैं किन्तु स्वयं श्रीकृष्ण राधाजी से प्रेम करके उनके साथ अद्वैत होकर समस्त भेदभावों की जड़ काटकर मानवमात्र में ऐकमेक हो जाते हैं ।

---

## रात में सिरदर्द होने पर दवा दी, सुबह हो गई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

बार थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत चुनगी में एक 8 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। मृतक साक्षी कक्षा 3 की छात्रा थी। वह अपनी मौसी शिवरती के साथ रह रही थी। शिवरती ने बताया कि उन्होंने अपनी दो बेटियों की शादी के बाद तीन महीने पहले साक्षी को अपने पास बुला लिया था। साक्षी उनकी बड़ी बहन की बेटी थी, जो खिरकन बांसी में रहती हैं। उन्होंने यह फैसला इसलिए लिया ताकि उनका बेटा अकेला न रहे और दोनों बच्चे साथ स्कूल जा सकें। घटना शुक्रवार की रात साक्षी को तेज सिरदर्द हुआ। मौसी ने उसे एक दवा दी। सुबह सिरदर्द कम होने पर साक्षी ने चाय पी और नींद आने की बात कहकर सो गई। मौसी घरेलू काम निपटाकर शनिवार लगभग 11 बजे उसे बार के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गईं, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि पिछले साल साक्षी को एनीमिया था, जिसके लिए जिला अस्पताल में दो यूनिट रक्त चढ़ाया गया था। उसके बाद से वह स्वस्थ थी। बार के चिकित्सा अधीक्षक के अनुसार, बच्ची अस्पताल पहुंचने से पहले ही मृत हो चुकी थी।

---

# बहन की मौत पर जांच कराए जाने की लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम ककरूआ के रहने वाले देवेन्द्र पुत्र स्व.साकूलाल ने उसकी बहन की हुयी मृत्यु की निष्पक्ष जांच कराये जाने की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र भेजा है। परिजनों की मौजूदगी में एसपी को भेजे गये पत्र में देवेन्द्र ने बताया कि बीती 28 अगस्त को अपराह्न करीब 12 बजे उसकी बहन प्रतीक्षा के थाना जाखलौन अंतर्गत ग्राम बम्हौरीकलां स्थित ससुराल में बहन के जेठ के पुत्र ने सूचना दी कि प्रतीक्षा की कुंए में गिरने से मौत हो गयी है। सूचना मिलने पर वह परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे, जहां शव कुंए से बाहर रखा हुआ मिला। मौके पर ससुराली मौजूद थे। बताया कि प्रतीक्षा के दो बच्चे हैं। देवेन्द्र ने परिजनों के साथ उसकी बहन की हुयी मौत के पीछे ससुरालियों द्वारा आये दिन अतिरिक्त दहेज में 50 हजार रुपये की नकदी व मोटर साइकिल की मांग का होना बताते हुये प्रकरण को संदिग्ध बताया। पीड़ित ने एसपी से मामले की जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।



## श्रम अधिकारी ने जारी की चेतावनी, बंदी दिवस पर दुकानें न खोलने का आह्वान

**ललितपुर।** श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने बताया कि जिले में डीएम ने विभिन्न बाजारों हेतु साप्ताहिक बन्दी दिवस निर्धारित किये हैं जिनमें नगर पालिका क्षेत्र ललितपुर में स्थित दुकानों एवं वाणिज्य अधिष्ठानों हेतु रविवार एवं सरकारी सस्ते राशन की दुकानों हेतु सोमवार का दिन निर्धारित किया गया है, इसी प्रकार नगर क्षेत्र तालबेहट एवं पाली में गुरूवार का दिन, नगर क्षेत्र महरौनी में शुक्रवार का दिन एवं जनपद ललितपुर के उपरोक्त सभी क्षेत्र के बाजारों में स्थित नाईयों, केश प्रसाधन की दुकानों हेतु मंगलवार का दिन साप्ताहिक बंदी दिवस के रूप में निर्धारित किया गया है। इस सम्बन्ध में पूर्व में भी अनेकों बार जनपद के समस्त दुकानदारों को सूचित किया जा चुका है कि साप्ताहिक बन्दी दिवस का उल्लंघन करते हुये पाये जाने पर दुकानदार के विरूद्ध उ.प्र. दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम 1962 के प्राविधानों के अनुसार निरीक्षण/चालान की कार्यवाही अपनायी जायेगी।

---

श्मशान की जमीन पर कब्जा

## अंतिम संस्कार करने के लिए परेशान हो रहे ग्रामीण

**ललितपुर।** थाना जखौरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम राजपुर के मजरा वादीवर में रहने वाले लोगों ने गांव के दबंगों पर श्मशान घाट की जमीन पर अवैध कब्जा किये जाने का गंभीर आरोप लगाया है। करीब डेढ़ दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड. के नेतृत्व में जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उनके ओएसडी अनिल दीक्षित को सौंपा है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि राजपुर की आराजी संख्या 1977 व 1978 में सरकार ने शमशान के लिए जमीन नकल खतौनी में दर्ज की है। इस जमीन पर गांव के लोग किसी व्यक्ति की मृत्यु होने पर अंतिम संस्कार इत्यादि करते हैं। आरोप है कि वर्तमान में उक्त जमीन की आराजी संख्या 1977 व 1978 नकल खतौनी में दर्ज शमशान घाट की जमीन पर गांव के दबंग भूमाफियाओं द्वारा अवैध कब्जा कर जोत दिया गया है और चारों ओर से बारी लगाकर घेर लिया गया है। बताया कि एस.सी. एस.टी. आदिवासियों की करीब दस एकड़ जमीन पर भी अवैध कब्जा कर लिया है। इतना ही नहीं आरोप है कि यहां से व्यापक पैमाने पर अवैध खनन कर लाखों रुपयों के खण्डा-बोल्डर इत्यादि तालबेहट में बेचे जा रहे हैं। जब ग्रामीणों ने दबंगों का विरोध किया तो उक्त लोगों ने अवैध तमंचा दिखाकर ग्रामीणों को डराया और धमकाते हुये ट्रैक्टर चढ़ा देने की धमकी दी। ग्रामीणों ने कहा कि यदि गांव में किसी की मृत्यु होती है तो उक्त दबंग शमशान घाट पर अंतिम संस्कार नहीं होने देते हैं, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मामले की जांच करायी जाकर उक्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय आप जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड., हरीराम, गयाप्रसाद, बारेलाल, बाबूलाल, लल्लू, शिवचरन, पहलवान, मोतीलाल, रामकिशन, मंगल, रामकली, प्यारी, बिटाई, शीला, जसोदा, रती, सुनीता, गौरा, जशोदा, ललतिया के अलावा अनेकों ग्रामीण मौजूद रहे।

---

पर्यूषण पर्व पर पूजन अभिषेक कर आस्था जता रहे श्रद्धालु

# जीवन में पाप कार्यों से बचना आर्जव धर्मः निर्भय सागर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



जीवन में अपेक्षा रहे और काम न हो मायाचारी पैदा होती है माया इसलिए होती है कि अपेक्षा पूरी हो। जब व्यक्ति योग्यता से रहित होता है तब जुगाड़ लगानी पड़ती है। धर्म कार्यो में अपनी शक्ति को न तो छिपाना और न ही पाप कार्यों में लगना तभी आपकी जिन्दगी में आर्जव धर्म आएगा। उक्त विचार जैन पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अटा मंदिर में पर्यूषण पर्व पर आचार्य श्री निर्भयसागर महाराज ने आर्जव धर्म पर व्यक्त किए। आचार्य श्री ने कहा भगवान की भक्ति में कभी अपनी शक्ति नहीं छिपाना चाहिए यदि हमें नहाने की ताकत है तो अभिषेक करने में कोताही नहीं करनी चाहिए, पूजन की भावना होनी चाहिए। यदि पाप से डरे और पुन्य कार्यों में अग्रणी हो तो यकीनन संसार में आर्जव धर्म का विस्तार दिखाई देने लगेगा और संसार के समस्त जीव सुखी हो जाएगे। हम जैसा है वैसा नजर आए ता मायाचारी नहीं होती हमें मायाचारी से बचना चाहिए।

धर्म सभा को मुनि शिवदत्त सागर महाराज ने सम्बोधित करते हुए बताया माया संसार का भ्रम है संसार में जैसा होते हैं जैसा दिखना नहीं चाहते तभी मायाचारी का सहारा लेना पडता है जिसदिन हम जैसा है वैसा दिखेगे मायाचारी की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। धर्म सभा के प्रारम्भ में तत्वार्थ सूत्र का वाचन आचार्य संघ के सानिध्य में हुआ। अभिनंदनोदय तीर्थ में मुनि सुदत्त सागर महाराज एवं मुनि पदमदत्त सागर महाराज के सानिध्य में श्रावकों ने पर्वराज पर्यूषण पर्व पर प्रभू अभिषेक शान्ति धारा की।

इस दौरान उन्होंने आर्जव धर्म को समझाते हुए कहा माया संसार का भ्रम है संसार में जैसा होते हैं वैसा दिखना नहीं चाहते तभी मायाचारी का सहारा लेना पड़ता है जिसदिन हम जैसा है वैसा विखेगे मायाचारी की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। मध्यान्ह में तत्वार्थ सूत्र को आचार्य श्री ने श्रावकों को अपने चिन्तन द्वारा समझाया।

### पूजन अर्चन कर धर्मलाभ लिया

नगर के सभी जैन मंदिर आदिनाथ बड़ा मंदिर, चन्द्रप्रभु मंदिर डोडाघाट, शान्तिनगर मंदिर गांधीनगर इलाइट जैन मंदिर, सिविल लाइन जैन मंदिर में पहुंचकर श्रावकों ने प्रभु की पूजन अर्चन कर धर्मलाभ लिया। सायंकाल आरती के उपरान्त जैन अटामंदिर में धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए ब्रहमचारिणी लवली दीदी ने कहा कि पुरुषार्थ के अनुसार गति मिलेगी क्षल कपट कर कहां जाएगे मायाचारी से बचें जीवन यात्रा में लक्ष्य बनाना होगा तभी कल्याण है। सायंकाल जैन मंदिरों में आरती शास्त्र प्रवचन के उपरान्त बच्चों द्वारा रोचक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हो रही है जिसको उपस्थित धर्मालु श्रोताओं द्वारा सराहा जा रहा है।

### मौसम और पानी के बदलाव के चलते सर्दी, खांसी, उल्टी, दस्त, बुखार के मरीज

# मौसमी बीमारियों से पीड़ित प्रतिदिन 800 से अधिक पहुंच रहे जिला अस्पताल की ओपीडी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मौसम में अमूमन रोजाना हो रहे बदलाव के चलते जिला अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों की संख्या में प्रतिदिन ईजाफा होता जा रहा है। बीते एक हफ्ते की बात करें तो मौसमी सहित अन्य बीमारियों से पीड़ित करीब 800 से अधिक नए मरीज जिला अस्पताल में ईलाज करने पहुंच रहे हैं। सामान्य मौसम में यह संख्या 500 से 600 के आसपास हुआ करती है। अस्पताल प्रबंधन के रिकार्ड के अनुसार उल्टी, दस्त, खांसी और बुखार से पीड़ित मरीजों की संख्या सबसे ज्यादा है। दरअसल, बारिश के मौसम एवं पानी में विभिन्न तरह के बदलावों के चलते मरीजों की संख्या में रोजाना ईजाफा हो रहा है। बदलते मौसम में कमजोर इम्यूनिटी के कारण बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा मौसमी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। दिन में तेज धूप, उमस और रात्रि में चलने वाली ठंडी हवाएं लोगों को बीमार कर रही हैं। चिकित्सकों द्वारा मरीजों को उपचार के साथ-साथ बीमारियों से बचाव के तरीके भी बताए जा रहे हैं। जिले भर में बीते एक हफ्ते से मौसम लगातार करवट बदल रहा है। कभी अचानक आसमान में बादल छाकर बरस रहे हैं तो कभी अचानक तेज धूप के साथ हो रही हल्की बारिश से पैदा उमस ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है।

#### लैब में मरीजों की लंबी कतारें

बदलते मौसम के चलते लोग संक्रामक बीमारियों की चपेट में ज्यादा आ रहे हैं। शुक्रवार को भी जिला अस्पताल में मरीजों की लंबी कतार लगी नजर आई। वहीं रक्तजांच केंद्र(लेबोरेट्री) में भी मरीजों की संख्या बड़ी है। चिकित्सक जांच के उपरान्त बीमारी की पहचान होने पर ही संबंधित मरीजों को जरूरी दवाईयां लिख रहे हैं। गंभीर मरीजों को तुरंत अस्पताल में भर्ती भी किया जा रहा है।

#### बदला मौसम और पानी है बीमारी की वजह

चिकित्सकों के अनुसार मौसम में बार-बार बदलाव के कारण शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है और सर्दी, जुकाम, बुखार, खांसी, गले में दर्द सहित अन्य तरह की समस्याएं बढ़ती हैं। इसके साथ ही सीआरपी लेवल भी बढ़ जाया करता है। जांच में अधिकांश मरीजों का सीआरपी लेवल बढ़कर ही आ रहा है जिसे कम करने चिकित्सक आवश्यक दवाईयां, इंजेक्शन, बॉटल इत्यादि से मरीजों का ईलाज कर रहे हैं।

#### ऐसे रखें अपना ध्यान

- *मौसमी फल, हरी सब्जियां और हल्का भोजन करें ताकि रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़े।*
- *अत्यधिक ठंडा पानी, आईसक्रीम या कोल्ड्रिक से बचें।*
- *पानी को ढककर रखें और दिन में 3 से 4 ली. पानी पिएं।*
- *गंदा पानी एकत्रित न होने दें ताकि मच्छर न पनपें।*

#### इनका कहना है


मौसम और पानी के बदलाव के कारण मरीजों की संख्या बढ़ी है। ऐसे मौसम में जरूरी सावधानियां रखने की आवश्यकता है। पानी छानकर व उबालकर पीने से अधिकांश बीमारियों से बचा जा सकता है। बाहर के खाने से परहेज करें। हरी सब्जियों, दाल, फल का सेवन ऐसे मौसम में लाभकारी रहता है।

- **डॉ. सुधीर कलावत**, एमडी मेडीसिन, जिला अस्पताल राजगढ़

### समूचे अंचल में पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हैं कई विद्यार्थी

# मुख्यालय पर हायर सेकंडरी स्कूल की मांग, शिक्षा मंत्री को लिखा पत्र

**राजगढ़।** जिला मुख्यालय पर सामान्य हायर सेकन्ड्री स्कूल नहीं होने के चलते अनेकों विद्यार्थियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई विद्यार्थी नियमित प्रवेश नहीं हो पाने के चलते प्रायवेट रूप से परीक्षा फार्म भरने की तैयारियों में लगे हैं।


साकेत शर्मा
अध्यक्ष

ऐसे में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष साकेत शर्मा ने स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह एवं जिले के प्रभारी मंत्री चैतन्य कश्यप को पत्र लिखकर राजगढ़ में नवीन सामान्य हायर सेकन्ड्री स्कूल खोलने की मांग रखी है। उल्लेखनीय है जिला मुख्यालय पर तीन पुराने हायर सेकन्ड्री स्कूल अपग्रेड होकर उत्कृष्ट स्कूल, सीएम राईज स्कूल(सांदीपनी) एवं पीएमश्री कन्या विद्यालय बनाए जा चुके हैं।

इन तीनों स्कूलों में प्रवेश के लिए बच्चों को प्रवेश परीक्षा में निर्धारित कटऑफ अंक लाना अनिवार्य है। जो बच्चे निर्धारित अंक नहीं ला पाते हैं उनके लिए कक्षा आठवीं उपरान्त नवमीं में प्रवेश हेतु विकल्प नहीं बच पा रहा है और मजबूरने उन्हें निजी विद्यालयों में प्रवेश लेना पड़ रहा है।

#### स्कूल न होने से पढ़ाई भी छोड़ रहे बच्चे

सामान्य हायर सेकन्ड्री स्कूल न होने के कारण जो बच्चे आर्थिक मजबूरी के कारण निजी स्कूलों में प्रवेश नहीं ले पा रहे वे मजबूरन पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हैं। इस तरह की विषम परिस्थिति को लेकर बाल कल्याण समिति ने आगे आते हुए समस्या के समाधान के लिए दोनों मंत्रियों को उक्त पत्र लिखा है।



### विधायक दांगी ने मुख्यमंत्री यादव को मांग पत्र सौंपकर फोरलेन सड़क निर्माण की रखी मांग

**खिलचीपुर।** खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी ने फोरलेन सड़क निर्माण की मांग को लेकर गुरुवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग से मुलाकात कर उनको मांग पत्र सौंपा। विधायक दांगी ने मुख्यमंत्री को पत्र सौंपते हुवे बताया कि ब्यावरा से राजगढ़, खिलचीपुर, जीरापुर, माचलपुर, गोघटपुर होते हुवे तीन धार राजस्थान तक फोरलेन सड़क निर्माण की मांग करते हुवे बताया कि इसके निर्माण से विकास को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस मार्ग का सर्वे कराकर डीपीआर तैयार कराने एवं वरिष्ठ स्तर पर समन्वय कर उक्त फोरलेन सड़क मार्ग को स्वीकृत कराने का आश्वासन दिया।

## स्थानांतरित सूबेदार योगेंद्र मारावी को दी भावभीनी विदाई

### लगातार 9 वर्षों से तक जिले में रहे पदस्थ



**राजगढ़।** जिले में साल 2017 से पुलिस विभाग की विभिन्न ईकाईयों में पदस्थ रहते हुए अपनी बेहतर कार्यशैली से अलग मुकाम बनाने वाले सूबेदार योगेंद्र मारावी का हालिया बालाघाट जिले में स्थानांतरण हुआ है। उनके स्थानांतरण पर पुलिस विभाग द्वारा गुरुवार शाम उन्हें भावभीनी विदाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर उपस्थित पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने कहा कि सूबेदार योगेंद्र मारावी कर्तव्यनिष्ठ और सौंपे गए उत्तरदायित्वों को निभाने में हमेंशा अग्रसर रहते हैं। उन्होंने हमेंशा अपने विभाग और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए उत्कृष्ट सेवाएं दी हैं। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे, रक्षित केंद्र निरीक्षक दीपक रघुवंशी, कालीपीठ टीआई जीतेंद्र अजनारे, यातायात टीआई देवनारायण पांडे, तोरण सिंह, सादाब खान, सतीश यादव सहित विभाग के अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान सूबेदार श्री मारावी ने कहा कि जिले में बिताया गया समय और विभाग व आमजनता से मिला सहयोग उनके लिए हमेंशा अविस्मरणीय बना रहेगा।




### बिजली गिरने से मोटरसाइकिलें क्षतिग्रस्त हुईं

**जीरापुर।** नगर के सुसनेर-जीरापुर मुख्य सड़क मार्ग पर टपरियाहेडी जोड़ भाटी गोदाम के समीप स्थित रमेश चैहान के मकान के सामने बिजली गिरने से चार मोटर साइकिले क्षतिग्रस्त हुई। जानकारी के मुताबिक उभापान शासकीय स्कूल से बद्रीलाल मालवीय जीरापुर आ रहें थे एवं उनके साथी शिक्षक भेरूलाल वर्मा तथा ईश्वर मालवीय नामक युवक भी आ रहें थे, अकस्मात तेज बारिश एवं बिजली की गरज गर्जना शुरू हुई ऐसे में वह दोनों तथा राहगीर जो सड़क मार्ग से गुजर रहे थे, यह लोग मध्य रास्ते में रमेश चैहान के मकान में जाकर खड़े हो गए। तेज बारिश और बिजली की कड़क गर्जना के कारण उन्होंने रोड के समीप ही अपनी मोटरसाइकिलें खड़ी कर दी। इस दौरान बिजली गिरने से मोटर साइकिले क्षतिग्रस्त हो गई। भगवान की कृपा से किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। जो राहगीर वहां रूकें थे उनमें से ताकला गांव निवासी किसी व्यक्ति को चक्कर आ गये थे लेकिन तत्काल सामान्य स्थिति में आ गये।

# एक पेड़ मां के नाम: बड़ोदिया जागीर में राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री नारायण सिंह पंवार ने शुक्रवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत बड़ोदिया जागीर स्थित मां विंध्यवासिनी माता मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने मंदिर प्रांगण में वृक्षारोपण कर मां विंध्यवासिनी के चरणों में मत्था टेककर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की।

मंत्री पंवार ने कहा - "प्रधानमंत्री के आह्वान से शुरू किया गया यह अभियान आज जन-आंदोलन बनाया गया है। मां हमें जीवन देती हैं, उसी प्रकार वृक्ष भी जीवन का आधार हैं। जब हम 'एक पेड़ मां के नाम' लगाते हैं तो यह केवल पर्यावरण ही नहीं बचाता, बल्कि हमारे जीवन और संस्कृति की रक्षा भी करता है। आने वाली पीढ़ियों के लिए यह सबसे बड़ी पूंजी है।" उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन की आवश्यकताओं का आधार हैं दृ यह हमें ऑक्सीजन, फल, छाया, जल संरक्षण और प्राकृतिक संतुलन प्रदान करते हैं। आपने देखा होगा कि हमारे जिले में जिस जगह पर पेड़ो का घनत्व ज्यादा है वहां पर अच्छी वर्षा हुई है, आप सभी से कहना चाहता हूं कि आप लोग अपनी माता के नाम पर एक पौधा अवश्य रोपे और उसकी देखभाल अपने परिवार के सदस्य की तरह करे। मां विंध्यवासिनी मंदिर प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीणजन उपस्थित रहे। मंत्री पंवार ने उपस्थित लोगों को वृक्षारोपण करने का संकल्प दिलाया। इस दौरान स्थानीय मंदिर समिति एवं ग्रामीणजनों ने मंत्री का स्वागत कर धन्यवाद ज्ञापित किया और उनके संदेश को सार्थक करने का भरोसा जताया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष कल्याण सिंह गुर्जर ,महामंत्री रामेश्वर दांगी, महेश वर्मा जनपद सदस्य उमराव सिंह लववंशी , सरपंच जयराम कुशवाह, रवि यादव, बब्लू लववंशी,अशोक जाट,देवीसिंह यादव ,लक्ष्मीनारायण कुशवाह,दिनेश शिवहरे,मोहन कुशवाह, जगदीश यादव,राजकुमार बना,लालाराम कुशवाह ,ओम मीणा ,काशीराम पटेल,भारत यादव, कैलाश कुशवाह ,चेतन शर्मा, धर्मेंद्र गोस्वामी,मेवाराम पुष्पद, चंचल शर्मा सहित ग्रामीणवासी उपस्थित रहे।



## स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में खेल दिवस आयोजित

**सारंगपुर।** शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय सारंगपुर में शुक्रवार को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। यह दिवस हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की जयंती पर प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है।कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. ममता खोईया द्वारा मेजर ध्यानचंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल हमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ बनाते हैं तथा हमारे जीवन में अनुशासन और टीम भावना का संचार करते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को खेलों से जुड़ना चाहिए। कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं की टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ।



इसके बाद रस्साकसी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खेल अधिकारी हरिशंकर शर्मा ने खिलाड़ियों को खेल के नियमों की जानकारी दी और बताया कि नियमित अभ्यास से खेल कौशल में निखार आता है। खेल दिवस का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेलों के प्रति रुचि उत्पन्न करना और देश को गौरवान्वित करने वाले खिलाड़ियों को स्मरण करना है। इस अवसर पर डॉ. मोहम्मद वसीम शेख, प्रो. प्रीतम गुनावा, डॉ. विमल लोदवाल, डॉ. अरुण सोलंकी, श्री धर्मेंद्र खरवार सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



### जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतिस्पर्धा में चयन

**खुजनेर।** अमर शहीद मनीष विश्वकर्मा शासकीय बालक उमावि खुजनेर के एक छात्र देवेंद्र पुष्पद ने विद्यालय के खेल शिक्षक इन्द्रनारायण श्रीवास के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतिस्पर्धा के ट्रायल में चयन होकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। देवेन्द्र का संभाग स्तर पर चयन हुआ है। अब छात्र संभाग स्तर पर खेलेगा। यह विद्यालय और नगर के लिए गौरव की बात है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य मनोहर जायसवाल एवं श्री रामप्रसाद वर्मा, कन्हैयालाल दांगी, बृजेश कुमार शर्मा,राधेश्याम शर्मा,श्रीमती ज्योति यादव,श्री मनोज कुमार शर्मा, पंकज नागर, कमलेश दांगी, आशीष पालीवाल, नितेश नागर ने छात्र को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कर आगामी प्रतिस्पर्धा के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी है।

## मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ ने किया विरोध प्रदर्शन

**कालापीपल।** 27 अगस्त गणेश चतुर्थी को अधिमान्य पत्रकार एवं मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष अभिषेक सक्सेना के घर पर शुजालपुर नायब तहसीलदार केएल चौहान द्वारा अमले के साथ तलाशी ली गई। यह तलाशी शाजापुर कलेक्टर न्यायालय से जारी कारण बताओ सूचना पत्र की तामील करवाने के नाम पर की गई। नोटिस तामील करने की इस कार्यवाही ने पत्रकारों में आक्रोश पैदा कर दिया।

इस घटना के विरोध में मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ ब्लॉक इकाई कालापीपल ने शुक्रवार को कालापीपल तहसील कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया तथा मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन कालापीपल तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में कालापीपल श्रमजीवी पत्रकार संघ ब्लॉक अध्यक्ष अनिल शर्मा, कालापीपल के पत्रकार हरविंदर सिंह पाहुजा, राकेश अग्रवाल, मनमोहन शर्मा, दिलीप महेश्वरी, देवेन्द्र पाहुजा, संदीप गेहलोत राजाराम बारोड़, कैलाश नादोंडा, भगवान सिंह अहीरवार सहित श्रमजीवी पत्रकार संघ के पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित रहे।

#### नोटिस तामील के नाम पर पत्रकार के घर की तलाशी



### एक कदम आम जनता के लिए

## सारंगपुर एसडीएम कार्यालय में जन सुविधा एवं सुझाव-शिकायत केंद्र प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

आमजन को शासन की योजनाओं और सेवाओं का समय पर लाभ दिलाने तथा उनकी समस्याओं का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सारंगपुर एसडीएम कार्यालय में जन सुविधा एवं सुझाव-शिकायत केंद्र प्रारंभ किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी रोहित बम्होरे ने बताया कि इस केंद्र के माध्यम से ग्रामीण जनता की शिकायतें व सुझाव सीधे संबंधित विभाग तक पहुँचाए जाएंगे और निर्धारित समय सीमा में उनका निराकरण कराया जाएगा। पूर्व में ग्रामीण जनता को सही मार्गदर्शन न मिलने से इधर-उधर भटकना पड़ता था, लेकिन अब इस केंद्र के जरिए उन्हें सभी जरूरी जानकारी और सहायता एक ही स्थान पर मिलेगी। यह केंद्र एसडीएम कार्यालय के प्रवेश द्वार पर स्थापित किया गया है। यह प्रतिदिन सुबह 10:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक कर्मचारी उपस्थित रहकर लोगों की शिकायतें दर्ज करेंगे और उचित मार्गदर्शन देंगे।

### पटवारी संघ ने सौंपा तहसीलदार को ज्ञापन

**सारंगपुर।** पटवारी संघ ब्लॉक इकाई सारंगपुर द्वारा शुक्रवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार आकाश शर्मा को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि डब्लू ईबीजी आईएस 2.0 पोर्टल में अनेक तकनीकी व व्यवहारिक परेशानियों के कारण पटवारियों को कार्य करने में कठिनाई हो रही है, जिससे किसानों के कार्य समय पर पूर्ण नहीं हो पा रहे हैं। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि सॉफ्टवेयर में किसी भी प्रकार के संशोधन से पूर्व पटवारियों की राय लेना आवश्यक है, किंतु ऐसा नहीं किया जा रहा। पोर्टल में मोबाइल नंबर और ओटीपी की अनिवार्यता, 5 डेसिमल से छोटे नक्शे काटने की बाध्यता, खाता विलय की स्वीकृति का अधिकार पटवारियों से लेकर तहसीलदार को देना तथा साइबर तहसील प्रकरणों में रीयल टाइम स्टेटस न दिखना जैसी समस्याओं को तत्काल दूर करने की मांग की गई।

### सांसद नागर ने खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों को किया संबोधित

# हॉकी के जादूगर की जयंती पर 40 लाख की सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद की 120वीं जयंती जिले में खेल उत्सव के रूप में मनाई गई। मुख्य समारोह इनडोर स्टेडियम राजगढ़ में आयोजित किया गया जहां खेलों की श्रृंखला में बालक-बालिका वर्ग की रस्साकशी प्रतियोगिता कराई गई। इस अवसर पर उपस्थित क्षेत्रीय सांसद रोड़मल नागर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि यह बड़े गौरव की बात है कि सरकार खेलों को लेकर लगातार नई-नई योजनाएँ ला रही है और खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिए विभिन्न पुरस्कार दे रही है। उन्होंने बताया कि हाल ही में सांसद खेल महोत्सव योजना शुरू की गई है जिसमें कोई भी खिलाड़ी 20 सितंबर तक अपना पंजीयन करा सकता है। इसमें जूनियर और सीनियर के दो समूह बनाए गए हैं। 20 सितंबर के बाद एक माह तक अलग-अलग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने अधिक से अधिक बच्चों को इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे को किसी न किसी खेल से जुड़ा होना चाहिए क्योंकि खेल शारीरिक रूप से स्वस्थ रखते हैं।



#### शासन की ओर से मिली 40 लाख रुपए की सामग्री

जिले को शासन की ओर से 40 लाख रुपए की खेल सामग्री उपलब्ध कराई गई। इस सामग्री का लाभ खिलाड़ियों को मिल सकेगा ताकि वे अभ्यास और प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। अतिथियों द्वारा फीता काटकर खेल सामग्री विभाग को सौंपी गई। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आलोक शर्मा, अनुविभागीय राजस्व अधिकारी सुश्री निधि भारद्वाज, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री पवन अवस्थी, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग सुश्री निशा जैन सहित अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष कृष्णपाल पवार, कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा, संभागीय खेल अधिकारी श्रीमती शर्मिला डावर, शिक्षा विभाग के खेल अधिकारी श्री महेंद्र परमार तथा खेल विभाग से जुड़े कर्मचारियों की मौजूदगी में बैठक भी आयोजित की गई।